बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

परीक्षा कार्यक्रम एवं आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–26/2023, अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा

विज्ञापन संख्या–26/2023, प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक–24.08.2023 से 26.08.2023 तक दो बैठकों (प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली) में निम्नांकित कार्यक्रमानुसार राज्य स्थित सभी जिलों में अवस्थित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जायेगी :–

परीक्षा की तिथि	प्रथम पाली (10.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे मध्याह्न तक)	द्वितीय पाली (03.30 बजे अपराह्न से 05.30 बजे अपराह्न तक)
24.08.2023 (गुरूवार)	सामान्य अध्ययन (वर्ग–1 से 5 तक के पुरूष अभ्यर्थियों के लिए)	सामान्य अध्ययन (वर्ग–1 से 5 तक के महिला अभ्यर्थियों के लिए)
25.08.2023 (शुक्रवार)	भाषा (अर्हता) (सभी पुरूष अभ्यर्थियों के लिए)	भाषा (अर्हता) (सभी महिला अभ्यर्थियों के लिए)
26.08.2023 (शनिवार)	सामान्य अध्ययन एवं विषय (वर्ग–9 से 10 तक के अभ्यर्थियों के लिए)	सामान्य अध्ययन एवं विषय (वर्ग–11 से 12 तक के अभ्यर्थियों के लिए)

उक्त परीक्षा के लिए दिनांक–10.08.2023 से प्रवेश–पत्र (e-Admit Card) डाउनलोड करने की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी।

1. अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने से पूर्व अद्यतन पासपोर्ट साईज फोटाग्राफ (25 kb) अपने Dashboard में Login के उपरांत अपलोड करेंगे एवं उसके बाद ही प्रवेश–पत्र डाउनलोड होगा। डाउनलोड किये गये e-Admit Card में अभ्यर्थी को आवंटित परीक्षा केन्द्र कोड के रूप में दर्ज होगा, जिसमें केन्द्र कोड (Centre Code) एवं जिला का नाम अंकित रहेगा।
2. सभी अभ्यर्थी प्रति पाली प्रवेश–पत्र की एक अतिरिक्त प्रति अपने साथ परीक्षा केन्द्र ले जाना सुनिश्चित करेंगे एवं परीक्षा अवधि में वीक्षक के समक्ष हस्ताक्षर कर उन्हें सुपूर्द कराना सुनिश्चित करेंगे।
3. परीक्षा केन्द्र कोड के संबंध में विस्तृत जानकारी दिनांक–21.08.2023 से उपलब्ध करायी जायेगी।
4. दिनांक 10.08.2023 से परीक्षा के 4 दिन पूर्व तक अर्थात दिनांक–20.08.2023 तक प्रवेश–पत्र निश्चित रूप से डाउनलोड कर लेंगे।
5. अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के 1 घंटा पूर्व तक ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी अर्थात 1 घंटा पूर्व प्रवेश बंद कर दिया जायेगा। परीक्षा अवधि की समाप्ति के पश्चात् Used OMR Answer Sheet को सील बंद कराने के पश्चात् ही परीक्षा कक्ष छोड़ेगें।

8.2023

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना